भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3085
गुरुवार, 18 दिसम्बर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला
उत्तर

किशनगंज हवाई अड्डे का विकास

3085. डॉ. मोहम्मद जावेदः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना-उड़ान के तहत बिहार के किशनगंज जिले में हवाई अड्डे का प्रस्ताव है या उसे मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो मंजूरी की स्थिति, भूमि पहचान और परियोजना शुरू करने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किशनगंज में हवाई अड्डा स्थापित करने के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन, स्थल निरीक्षण या तकनीकी मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) उड़ान योजना के तहत बिहार में हवाई अड्डों और हेलीपोर्टों के विकास के लिए अब तक जिला-वार कुल कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई; और

(ङ) क्या सरकार का बंगाल सीमा के निकट रणनीतिक स्थिति और बढ़ती यात्री मांग को देखते हुए किशनगंज में हवाई अड्डे के विकास में तेजी लाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ) : किशनगंज हवाईपट्टी, बिहार उड़ान योजना दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की अस्थायी सूची में उपलब्ध है।

तथापि, किशनगंज हवाईपट्टी को जोड़ने वाले किसी भी मार्ग को, आज तक आयोजित बोली के पांच दौर पूरे होने तक आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया गया है। इसलिए, उड़ान योजना के तहत हवाईपट्टी को इसके पुनरुद्धार के लिए नहीं लिया गया है।

उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन, वैध बोली प्रक्रिया के माध्यम से इसकी पहचान करने और एसएओ (चयनित एयरलाइन प्रचालक) को मार्ग अवॉर्ड किए जाने के माध्यम से किया जाता है।

यदि कोई एयरलाइन भविष्य में बोली प्रक्रिया के दौर में किशनगंज हवाईपट्टी को जोड़ने वाले मार्गों के लिए बोली प्रस्तुत करती है तो इस योजना के प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

'उड़ान योजना' के तहत बिहार में हवाईअड्डों के विकास के लिए अब तक स्वीकृत और उपयोग की गई कुल धनराशि का विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न है।

अनुलग्नक

उड़ान योजना के तहत बिहार में हवाईअड्डों के विकास के लिए अब तक स्वीकृत और उपयोग किए गए कुल निधियों का विवरण (रुपये करोड़ में)

क्रम. सं.	हवाईअड्डे	आरसीएस बजट	कुल व्यय
1.	दरभंगा	127.82	127.82
2.	बीरपुर	25.00	0.41
3.	मधुबनी	25.00	0.41
4.	मुजफ्फरपुर	25.00	0.41
5.	सहरसा	25.00	0.41
6.	मुंगेर	25.00	0.41
7.	वाल्मीकि नगर	25.00	0.41
8.	पूर्णिया	40.00	40.00
कुल		**317.82**	**170.28**

*****